# *M.L.B. Govt. College, Nokha(Bikaner)*

# PROSPECTUS 2023-24



## 2023—24

## मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा (बीकानेर)

**संरक्षक**

प्राचार्य

(डॉ0 दिग्विजय सिंह)

**सम्पादक मण्डल**

डॉ0 सत्यनारायण राजपुरोहित, डॉ0 प्रकाश चन्द्र आचार्य, डॉ0 रणवीर सिंह

**(प्राचार्य, मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा (बीकानेर) के प्राधिकार से प्रकाशित)**

विवरणिका में प्रकाशित प्रवेश नियमों में संशोधन/परिवर्तन विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार द्वारा पूर्णतः या आंशिक रूप से किये जा सकते हैं जो अंतिम रूप से मान्य एवं प्रभावी होंगे। विद्यार्थी नियमित रूप से सूचना पट्ट देखते रहें एवं निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

**www.hte.rajasthan.gov.in/college/gcnokha/**

*College cont.no. 01531-221436* *E mail - mlbgcnokha@gmail.com*

# महाविद्यालय : परिचय एवं इतिहास

वर्ष 1927 में सोमलसर गांव के श्री सुगनचन्द पारख की सलाह पर तत्कालीन बीकानेर राज्य के महाराजा सर गंगासिंह ने मण्डी कस्बे के रुप में नोखा कस्बे की स्थापना की थी । ग्रिड आयरन प्रारुप पर स्थापित नोखा मण्डी 20वीं शताब्दी के उन कुछ नगरीय केन्द्रों में से एक है जो नियोजित रुप से विकसित किये गये । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 89 बीकानेर – इन्दौर एवं बीकानेर – जोधपुर ब्रॉडगेज रेल्वे लाइन पर स्थित यह कस्बा मरुनगरी बीकानेर से 64 किलोमीटर दक्षिण मे तथा नागौर से 52 किलोमीटर उतर में अवस्थित है ।

बीकानेर सडक मार्ग पर औद्योगिक क्षेत्र, नोखा में स्थित एम.एल.बी. राजकीय महाविद्यालय कस्बे के प्रबुद्ध नागरिक एवं दानवीर स्व. सेठ श्रीमान् मांगीलाल जी बागड़ी के दृढ संकल्प का ही सुफल है। उच्च शैक्षिक संस्थान के रुप में प्रतिष्ठित एवं लगभग 25 बीघा भूमि पर विस्तृत महाविद्यालय के वैभवशाली एवं आधुनिक वास्तुशिल्प के अद्वितीय कलात्मक भवन का निर्माण करवाकर सेठ साहब ने इसे राज्य सरकार को प्रदान किया। जुलाई 1996 में स्थापित यह महाविद्यालय अपने प्रारम्भिक सत्र 1996–97 में स्थानीय बाबा छोटूनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित होने के बाद सत्र 1997–98 से अपने वर्तमान भवन परिसर में स्थानान्तरित कर दिया गया । यह महाविद्यालय महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से सम्बद्ध है। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत तीनों संकायों–कला, वाणिज्य, विज्ञान में स्नातक एवं कला व विज्ञान में स्नातकोत्तर स्तर के अध्यापन की सुविधा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

## *विद्यार्थियों के नाम प्राचार्य का संदेश।*

उच्च शिक्षा की इस पावन संस्था में आपके प्रवेश पर आपका स्वागत।

आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको उच्च शिक्षा ग्रहण करने का अवसर सुलभ हुआ है। इसका जीवन में बड़ा महत्व है। शिक्षा जीविकोपार्जन का एक साधन मात्र नहीं अपितु व्यक्तित्व को संवारने, समृद्ध करने और उसके सर्वांगीण विकास का हेतु है – अज्ञान के अंधरे से ज्ञान के उजाले की तरफ ले जाने वाली यात्रा। शिक्षा में ज्ञान, मानवीय मूल्य, संस्कृति, अनुशासन आदि सब समाहित हैं। समुचित शिक्षा ही ऐसे जीवन को युक्तियुक्त तरीके से जीने की योग्यता व कौशल प्रदान करती है। वर्तमान दौर में ज्ञानसम्पदा व आर्थिक सम्पन्नता प्राप्त करने में कौशल विकास और सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व निर्विवाद है। अतः वैश्विक स्तर पर वांछित कौशल अर्जित कर उनका सतत् उन्नयन करते रहें।

विद्या ददाति विनयम्। विनम्रता और अनुशासन से विद्या का सीधा संबंध है। यही गुण विद्यार्थी के व्यक्तित्व को सुन्दर स्वरूप प्रदान कर उसे प्रभावी बनाते हैं, आलोकित करते हैं। ज्ञानवान, विनयशील, अनुशासित और कौशल सम्पन्न विद्यार्थी प्रगति की सीढ़ी के सोपान सुगमता से पार करने के साथ–साथ दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। किसी भी संस्था का गौरव ऐसे विद्यार्थियों से ही बढ़ता है। महाविद्यालय के अनुभवी व विद्वान गुरुजनों के ज्ञान का लाभ प्राप्त करने हेतु सदैव तत्पर रहें। पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एव अन्य उपलब्ध संसाधनों का समुचित सदुपयोग करें। इसके साथ ही महाविद्यालय की सम्पति को अपनी सम्पति समझते हुए उसके संरक्षण व सुरक्षा का समुचित ध्यान रखें । परिसर को स्वच्छ रखना आपका दायित्व बनता है। मानसिक और शारीरिक विकास सुनिश्चित करने हेतु खेल–कूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा अन्य सह–शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने से आपकी सृजनात्मकता और रचनाधर्मिता का विकास होगा। महाविद्यालय में संचालित व्यक्तित्व विकास से संबंधित कार्यक्रमों से लाभान्वित होने हेतु उनमें सक्रियता से भाग लें। सृजनात्मक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और मौलिकता आपके व्यक्तित्व को सम्पूर्णता प्रदान करेगी। याद रखें कि विचारशीलता ही सृजनात्मकता की जननी है। आपकी विचार–समृद्धि आपकी सृजनात्मकता को बहुआयामी बनाएगी।

अगर आप समस्याओं और चुनौतियों से डटकर मुकाबला करना सीख जाते हैं तो अभाव और संसाधनों की कमी आपके प्रगति पथ पर अवरोध नहीं बन सकेंगे। समस्याएं हमें कुछ सीखने और विकास करने का अवसर प्रदान करती हैं। राह के पत्थर प्रज्ञावान के लिए अवरोध नही, सीढियां ही सिद्ध होती हैं। अभावों और परेशानियों के दौर से गुजरे बिना आपके व्यक्तित्व में निखार नहीं आ सकेगा। आप युवा हैं, आप कुछ भी कर पाने में सक्षम है। आप अपनी सोच बदल सकते हैं। आपके सपने सच्चे हो सकते हैं। आप इस अनंत ब्रह्माण्ड की तरह अनंत संभावनाओं से परिपूर्ण हैं। अगर आपका लक्ष्य ऊँचा है, सोच सकारात्मक है, ध्यान लक्ष्यपर केन्द्रित है तो यथेष्ट परिश्रम व सतत् प्रयास से अवश्य ही आप अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे। समय की कीमत समझकर उसका सदुपयोग करें ताकि आप अपने संजोए हुए सपनों को साकार कर सकें। आप खुले मस्तिष्क वाले प्रयोगधर्मी व रचनाधर्मी बनें। पुरूषार्थी, साहसी और उत्साही बनें। अपने व्यक्तित्व की खूबियों में निखार लाएं, कमियों को दूर करें। समय–समय पर आत्मावलोकन कर प्रतिभा और कौशल का परिष्कार करते रहें, फिर देखें कि सफलता की राह कितनी सुगम बन जाती है।

आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित।

(डॉ0 दिग्विजय सिंह)

प्राचार्य

# पुस्तकालय एवं वाचनालय

महाविद्यालय पुस्तकालय में लगभग 10000 पुस्तकें तथा विविध विषयों की 10 पत्र–पत्रिकाएं उपलब्ध है। पुस्तकों के निर्गमन के लिए मुक्तद्वार प्रणाली अपनाई गई है। पुस्तकों का आदान–प्रदान 'पाठक–पत्रक'(रीडर्स टिकट) द्वारा किया जावेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को दो पाठक पत्रक दिये जायेंगे। प्रत्येक पाठक पत्रक पर केवल एक पुस्तक ली जा सकेगी। पुस्तक की सुरक्षा का दायित्व छात्र का होगा।

***पुस्तकालय एवं वाचनालय संबंधी नियम :–***

1. छात्रों को पुस्तकालय फार्म (जो प्रवेश पत्र के साथ संलग्न है) भरना आवश्यक है।

2. पुस्तकालय केवल महाविद्यालय के नियमित छात्रों के लिये है।

3. पुस्तकालय में प्रवेश के समय अपनी पुस्तकें, थैला या अन्य सामान निर्धारित स्थान पर ही रखें।

4. पुस्तकालय में प्रवेश परिचय–पत्र दिखाने पर ही होगा।

5. पुस्तकालय पंजिका में अपने हस्ताक्षर करना न भूलें।

6. पुस्तकालय 'पाठक पत्रक' अहस्तान्तरणीय है इसके खोने अथवा दुरुपयोग होने का समस्त उत्तरदायित्व संबंधित छात्र का होगा।

7. पाठक पत्रक खो जाने पर इसकी सूचना तुरन्त पुस्तकालयाध्यक्ष को लिखित में दें।

8. पुस्तकालय एवं वाचनालय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुला रहेगा।

9. विद्यार्थी पुस्तक लेते समय पुस्तक को भली–भांति देख लें, यदि पृष्ठ फटे/क्षतिग्रस्त हो तो संबंधित अधिकारी को दिखाकर हस्ताक्षर करवा लें। ऐसा न करने पर जमा करवाते समय सारी जिम्मेदारी छात्र की होगी।

10. सत्रान्त पर पाठक–पत्रक लौटा दें, बिना इसके लौटाये अदेय प्रमाण–पत्र नहीं मिल सकेगा।

11. सभी छात्रों को पुस्तकालय की पुस्तकें परीक्षा पूर्व जमा करवानी होगी जो विद्यार्थी पुस्तकें रखना चाहते हैं, उन्हें पुस्तकों के कीमत की दुगुनी धरोहर राशि जमा कराने पर यह सुविधा दी जा सकती है।

12. पुस्तकों को सुरक्षित, स्वच्छ रखना छात्र का उत्तरदायित्व है। इन पर नाम लिखना, चिह्नित करना, गंदा करना अनुचित है। पकड़े जाने पर कठोर कार्यवाही की जावेगी।

13. सामान्यतः पुस्तकें दो सप्ताह तक दी जाती हैं। विशेष परिस्थितियों में पुस्तकें इस अवधि से पूर्व भी मंगवाई जा सकती हैं।

14. निर्धारित अवधि में पुस्तकें न लौटाई जाने पर 1 रूपया प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क लिया जायेगा। एक सप्ताह से अधिक विलम्ब होने पर पुस्तकालय की सुविधा से वंचित किया जा सकता है।

15. आरक्षित पुस्तकों (सन्दर्भ ग्रन्थ, कोश, परीक्षा प्रश्न–पत्र, मानचित्र, पत्र–पत्रिकाएं) का उपयोग पुस्तकालय में ही किया जा सकेगा।

16. पुस्तकालय से अनधिकृत रूप से पुस्तकों तथा पत्र–पत्रिकाओं को ले जाना, प्रयास करना एक गंभीर एवं दण्डनीय अपराध है

17. पुस्तकालय में शांति बनाये रखें। प्रतिकूल आचरण अथवा गंभीर रूप से दोषी पाये जाने पर छात्र को महाविद्यालय से निलंबित किया जा सकता है। पुस्तकालय में उसके प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है।

18. पुस्तक के खोने अथवा क्षतिग्रस्त हो जाने पर दुगुनी कीमत देनी होगी या उसकी नवीनतम संस्करण की प्रति जमा करवानी होगी।

19. विद्यार्थी अपने 'पाठक–पत्रक' पर केवल अपने विषय से संबंधित अथवा सामान्य पाठकों के लिये लिखी गई पुस्तक ही ले सकेगा। इस विषयमें पुस्तकालयाध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

20. जिन छात्रों को पूरक परीक्षा के कारण अस्थाई प्रवेश मिला हो, उन छात्रों को पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण होने तक पुस्तकालय से पुस्तकें निर्गमित नहीं होंगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य यह है कि छात्र शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करें और राष्ट्रभक्त एवं योग्य नागरिक बनें। एन.एस.एस. के अन्तर्गत छात्रों का नियमित गतिविधियों के अन्तर्गत दो वर्ष में 240 घंटे अपनी रुचि के क्षेत्र में कार्य करना होता है तथा तीन एक दिवसीय शिविर व एक विशेष शिविर में भाग लेना आवश्यक है। महाविद्यालय में इस समय दो इकाइयां कार्यरत हैं। प्रत्येक इकाई में 100–100 छात्र पंजीकृत किये जाते हैं। एन.एस.एस. की गतिविधियों में भाग लेने के लिये एक आवेदन पत्र भरना आवश्यक है, जो प्रवेश पत्र में संलग्न है।

**एन.एस.एस. के अंतर्गत किये जाने वाले प्रमुख कार्य निम्नांकित है :–**

1. श्रमदान
2. रक्तदान
3. वृक्षारोपण
4. प्राथमिक चिकित्सा
5. परिसर सौन्दर्यीकरण
6. एड्स के संबंध में जागरुकता
7. सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकता
8. गरीब/कच्ची बस्तियों/गांवों को गोद लेना
9. प्रौढ़ शिक्षा प्रसार तथा साक्षरता
10. पर्यावरण चेतना
11. रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम

# रोवर एंव रेंजर गतिविधि

महाविद्यालय में रोवर एवं रेंजर द्वारा विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। महाविद्यालय के रोवर/रेंजर राज्य/जिला स्तरीय निपुण रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर में प्रत्येक वर्ष भाग लेते रहते है। सड़क सुरक्षा सप्ताह की समस्त गतिविधियों में भाग लेते है तथा यातायात निर्देशों के प्रचार–प्रसार में अपनी भूमिका निभाते है।

## *एन0सी0सी0*

थल सेना से सम्बन्धित राष्ट्रीय कैडेट कोर की वरिष्ठ स्कन्ध खुली इकाई महाविद्यालय में सत्र 2007–2008 से प्रारम्भ की गई है। इसमें 53 कैडेटस प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। महाविद्यालय स्तर पर 'बी' व 'सी'प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। एन.सी.सी. का पाठ्यक्रम व प्रशिक्षण तीन वर्षो में पूर्ण होता है। 'बी' प्रमाण–पत्र हेतु प्रति वर्ष 75 प्रतिशत उपस्थिति व एक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना अनिवार्य है तत्पश्चात कैडेट्स 'बी' परीक्षा में भाग ले सकते है। 'सी' परीक्षा हेतु प्रति वर्ष 75 प्रतिशत उपस्थिति व दो वार्षिक प्रशिक्षण शिविर तथा 'बी' परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

कैडेट्स को तीनों वर्षो के दौरान सैन्य इतिहास, शस्त्र–शिक्षा, मैप रीडिंग, ड्रिल, नागरिक सुरक्षा, पर्यावरण चेतना, प्राथमिक उपचार, फील्ड–क्राफ्ट,स्वास्थ्य व सफाई आदि विषयों की जानकारी के साथ–साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान वार्षिक प्रशिक्षण, स्थाई सैन्य टुकड़ी के साथ संलग्न, गणतन्त्र दिवस, राष्ट्रीय एकीकरण, बेसिक लीडरशिप, आल–इंडिया समर ट्रेनिंग व ट्रेकिंग शिविरों का आयोजन किया जाता है। एन.सी.सी. 'बी' व 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त कैडेट्स को विभिन्न अकादमिक प्रवेश के समय ग्रेड के अनुसार बोनस अंक प्रदान किये जाते हैं। सेना, पुलिस व पैरा–मिलिटरी संगठनों में कैडेट्स को प्राथमिकता के साथ भर्ती किया जाता है।

## *महिला/छात्रा प्रकोष्ठ*

महिलाओं में चेतना जाग्रत करने तथा शिक्षा प्रसार हेतु महाविद्यालय में इस प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है इसके माध्यम से सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन हेतु प्रयास एवं विचार–विमर्श किया जाता है। बदलते परिवेश में नारी के सामाजिक दायित्व के निर्वहन के साथ–साथ अपनी अस्मिता की रक्षा का सुदृढ़ आधार बनाना इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य है। छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकोष्ठ के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## *योजना मंच– (प्लानिंग फोरम)*

देश के विकास के लिए बनाई गई सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने व जिला स्तरीय योजनाओं को बनाने हेतु व सम्बन्धित अधिकारियों की सहायता के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महाविद्यालय में योजना मंच सक्रिय है। इसकी सदस्यता कोई भी नियमित छात्र ग्रहण कर सकता है। अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए इसकी सदस्यता अनिवार्य है। इसके पदाधिकारियों का मनोनयन परामर्शदाता की अनुशंसा पर प्राचार्य द्वारा किया जाता है। इस मंच द्वारा अनेक प्रतियोगिताओं तथा आर्थिक सर्वेक्षण आदि का आयोजन किया जाता है।

## *छात्र परामर्श एवं नियोजन प्रकोष्ठ*

महाविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ की स्थापना विद्यार्थियों के नियोजन परामर्श हेतु की गई है। यह प्रकोष्ठ राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार सम्बन्धी जानकारी तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की अद्यतन जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाता है।

## *युवा विकास केन्द्र*

महाविद्यालय में युवा विकास केन्द्र की स्थापना की गई है। इसका संचालन युवा विकास समिति द्वारा किया जाताहै। सभी संकायों के तृतीय वर्ष के विद्यार्थी इसके सदस्य होंगे। केन्द्र में रोजगारपरक गुणों का विकास करने हेतु व्याख्यानों का आयोजन किया जाता है।

## ***Mangi Lal Bagari Govt. College, Nokha (Bikaner)***

**Subject wise Seat for Online Admission 2023-24**

| **Compulsory Subjects for B.A., B.Com & B.Sc-I** |
|---|
| General Hindi |
| General English |
| Elementary Computer Application |
| Environmental Studies |
| Anandam |

| **B.A.-I** | |
|---|---|
| **Subject** | **Seat** |
| Hindi Literature | 400 |
| History | 400 |
| Sociology | 400 |
| Political Science | 400 |
| Economics | 100 |
| Computer Application | 100 |

| **B.Com.-I** | |
|---|---|
| **Subject** | **Seat** |
| Business Management | 300 |
| A.B.S.T. | 300 |
| E.A.F.M. | 200 |
| Computer Application | 100 |

| **B.Sc (Bio).-I** | |
|---|---|
| **Subject** | **Seat** |
| Zoology | 88 |
| Botany | 88 |
| Chemistry | 88 |

| **B.Sc (Maths).-I** | |
|---|---|
| **Subject** | **Seat** |
| Maths | 88 |
| Physics | 88 |
| Chemistry /Computer Application | 88 |

| **P.G. Course** | |
|---|---|
| **Class / Subject** | **Seat** |
| M.A. Hindi | 60 |
| M.A. Sociology (SFS) | 40 |
| M.Sc. Chemistry (SFS) | 20 |

# ***Mangi Lal Bagari Govt. College, Nokha (Bikaner)***

**Subject Combination with seat for Online Admission 2023-24**

| **B.A.-I** | | |
|---|---|---|
| **Subject Combination** | **Seat** | **Section** |
| Political Science, Hindi Literature, History | 100 | A |
| Computer Application, Hindi Literature, History | 100 | D |
| Political Science, History, Sociology | 200 | B & E |
| Political Science, Hindi Literature, Sociology | 100 | F |
| Economics, Hindi Literature, Sociology | 100 | C |
| **Total Seats** | **600** | *** |

| **B.Com.-I** | | |
|---|---|---|
| **Subject Combination** | **Seat** | **Section** |
| Business Management, Computer Application, A.B.S.T. | 100 | A |
| Business Management, E.A.F.M., A.B.S.T. | 200 | B & C |
| **Total Seats** | **300** | *** |

| **B.Sc (Bio).-I** | | |
|---|---|---|
| **Subject Combination** | **Seat** | **Section** |
| Zoology, Botany, Chemistry | 88 | A |
| **Total Seats** | **88** | *** |

| **B.Sc (Maths).-I** | | |
|---|---|---|
| **Subject Combination** | **Seat** | **Section** |
| Maths, Physics, Chemistry/Computer Application | 88 | B |
| **Total Seats** | **88** | *** |

| **P.G. Course** | | |
|---|---|---|
| **Class / Subject** | **Seat** | **Section** |
| M.A. Hindi | 60 | A |
| M.A. Sociology (SFS) | 40 | A |
| M.Sc. Chemistry (SFS) ( 4 Semester Course) | 20 | A |

| College Staff Members List | |
|---|---|
| **Principal:** Dr. Digvijay Singh | |
| **Faculty of Arts** | |
| Dr. Satya Narayan Rajpurohit | Political Science |
| Dr. Suman Rathore | Hindi |
| Smt. Suman Kaviya | Hindi |
| Sh. Vishal Kumar Sagtani | Comp. App. |
| Ms. Deepa Bhati | History |
| Ms. Kadambari Vyas | Sociology |
| Sh. Mahesh Godara | Economics |
| **Faculty of Commerce** | |
| Dr. Chandra Shekhar Ranga | A.B.S.T. |
| **Faculty of Science** | |
| Dr. Digvijay Singh | Zoology |
| Dr. Prakash Chandra Acharya | Zoology |
| Dr. Ranveer Singh | Chemistry |
| Dr. Mukesh Sharma | Maths |
| Dr. Ramkishan Choudhary | Botany |
| Ms. Sumitra Dewal | Physics |
| **Ministrial Staff** | |
| Sh. Santosh Kumar Daiya | Junior Asst |
| **Subordinate Staff** | |
| Sh. Suresh Kumar Swami | A.A.O.-I |
| Sh. Jitendra | Lab Assistant |
| Ms. Dropadi Jangir | Lab Assistant |
| Sh. Ram Swaroop Prajapat | Lab Assistant |
| Sh. Sukhram | Lab Assistant |
| **IV Class Staff** | |
| Mr. Virendra Jha | |
| Mr. Mukesh Kumar Panwar | |

| प्रवेश समिति | |
|---|---|
| **कक्षा / समिति** | **अधिकारी / कार्मिक का नाम** |
| ऑनलाईन प्रवेश स्नातक स्तर **(सभी संकाय प्रथम वर्ष)** | • श्री विशाल कुमार सगतानी – **यू0जी0 ऑनलाईन नॉडल अधिकारी**<br>• 1. डॉ. रामकिसन चौधरी – **समन्वयक विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग** 2. सुश्री कादम्बरी व्यास – सदस्य<br>• श्री महेश गोदारा – **समन्वयक कला वर्ग**<br>• सुश्री सुमित्रा देवल – सदस्य 3. सुश्री दीपा भाटी – सदस्य |
| ऑनलाईन प्रवेश स्नातकोत्तर स्तर **सभी संकाय पूर्वार्द्ध एवं नवीनीकरण** | 1. डॉ. रणवीर सिंह – **पी0जी0 ऑनलाईन नॉडल अधिकारी**<br>2. श्रीमती सुमन कविया – सदस्य |
| नवीनीकरण प्रवेश बी.ए. द्वितीय व तृतीय वर्ष | 1. डॉ. मुकेश शर्मा 2. श्री संतोष कुमार दैया |
| नवीनीकरण प्रवेश बी.कॉम. द्वितीय व तृतीय वर्ष | 1. सुश्री सुमित्रा देवल 2. सुश्री दीपा भाटी |
| नवीनीकरण प्रवेश बी.एससी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष | 1. डॉ0 प्रकाश चन्द्र आचार्य 2. सुश्री कादम्बरी व्यास |
| | |

# ऑनलाईन प्रवेश हेतु हेल्प डेस्क

महाविद्यालय में सत्र **2023–24** में ऑनलाईन प्रवेश हेतु हेल्प डेस्क के रूप में निम्नलिखित अधिकारी/कार्मिक कार्य कर रहे हैंः–

1. श्री विशाल कुमार सगतानी – नोडल प्रभारी (यू0जी0) फोन नं. – 7014218110

   **(बी0ए0, बी0कॉम0 एवं बी0एससी0 में प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु)**

2. डॉ0 रणवीर सिंह –नोडल प्रभारी (पी0जी0) फोन नं. – 9413890283

   **(स्नातकोत्तर प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु)**

3. श्री महेश गोदारा – कला संकाय प्रभारी, फोन नं. – 9636311509

   **(केवल बी0ए0 में प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु)**

4. डॉ. रामकिसन चौधरी – वाणिज्य विज्ञान संकाय प्रभारी, फोन नं. – 9252230245

   **(केवल बी0एस0सी0 में प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु)**

5. श्री संतोष कुमार दैया, कनिष्ठ सहायक फोन नं. – 9252916897

   **( प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य जानकारी हेतु)**

6. डॉ0 प्रकाश चन्द्र आचार्य– आचार्य प्राणीशास्त्र, फोन नं. – 9928101764

   श्री विशाल कुमार सगतानी– सहायक आचार्य कम्प्यूटर विज्ञान फोन नं. – 7014218110

   **(ऑनलाईन फार्म भरने एवं तकनीकी समस्या से संबंधित जानकारी हेतु)**

**महाविद्यालय फोन नं0 01531–221436 (प्राचार्य कक्ष)**

**कॉलेज वेबपेज– www.hte.rajasthan.gov.in/college/gcnokha/**

**फेसबुक ग्रुप www.facebook.com/groups/mlbgcnokha/**

**ई–मेल mlbgcnokha@gmail.com**